अ.शा.स. पत्र क्र. 257 /मुम.का./2024
दिनांक 12 JUL 2024

डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री
मध्यप्रदेश

संदेश

वन महोत्सव - 2024

वनों से अच्छादित, वन संपदा से समृद्ध प्रदेश की वन नीति का मुख्य आधार वनों के बेहतर प्रबंधन से पर्यावरण संरक्षण तथा स्थानीय ग्राम समुदाय को रोजगार उपलब्ध कराना है। मध्यप्रदेश में ग्रामीणों की वन प्रबंधन में सहभागिता को अधिक व्यावहारिक और पारदर्शी बनाने के लिए कानूनी आधार देने की व्यवस्था की गई है। संयुक्त वन प्रबंधन के तहत वनों का प्रबंधन वन समितियों के माध्यम से किया जा रहा है। इसके उत्साहवर्धक परिणाम मिले हैं।

पौधा रोपण के प्रति जन साधारण में जागरूकता लाने के लिए प्रतिवर्ष वन महोत्सव का आयोजन किया जाता है। तापमान में हो रही वृद्धि को रोकने का एकमात्र विकल्प रिक्त भूमि पर अधिक से अधिक पौधारोपण कर हरियाली को बढ़ाना है। वन महोत्सव इस दिशा में चिन्तन के साथ पौधारोपण में भागीदारी का अवसर प्रदान करता है।

प्रदेशवासियों से अनुरोध है कि पौधारोपण के महत्वपूर्ण काम को जन आंदोलन का रूप दें और पौधों की सुरक्षा कर, उन्हें हरे-भरे वृक्षा बनाने का संकल्प लें।

शुभकामनाओं सहित,

(डॉ. मोहन यादव)
मुख्यमंत्री
मध्यप्रदेश शासन

6, श्यामला हिल्स, भोपाल - 462 002